**FORM A**

**PUBLIC ANNOUNCEMENT**

(Under Regulation 6 of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016)

**FOR THE ATTENTION OF THE CREDITORS OF AARTI SUITINGS PVT. LTD**

| RELEVANT PARTICULARS | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of corporate debtor | AARTI SUITINGS PVT. LTD |
| 2. | Date of incorporation of corporate debtor | 01/02/1994 |
| 3. | Authority under which corporate debtor is incorporated / registered | Registrar of Companies –Jaipur (Rajasthan) |
| 4. | Corporate Identity No. / Limited Liability Identification No. of corporate debtor | U18108RJ1994PTC007997 |
| 5. | Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor | Reg. Office: E-187, RIICO III Phase, Bhilwara Rajasthan -311001 |
| 6. | Insolvency commencement date in respect of corporate debtor | 17th June, 2021 **(NCLT order no- CP No. (IB)-02/9/JPR/2021** |
| 7. | Estimated date of closure of insolvency resolution process | 14th December, 2021 |
| 8. | Name and registration number of the insolvency professional acting as interim resolution professional | Rishabh Chand Lodha<br>Registration No: IBBI/IPA-001/IP-P01075/2017-2018/11766 |
| 9. | Address and e-mail of the interim resolution professional, as registered with the Board | E-5, Shraman Basant Vihar, Gandhi Nagar, Bhilwara, Rajasthan -311001;<br><br>rishabhlodha57@gmail.com |
| 10. | Address and e-mail to be used for correspondence with the interim resolution professional | Rishabh Chand Lodha<br>Address: E-5, Shraman Basant Vihar, Gandhi Nagar, Bhilwara, Rajasthan -311001;<br><br>IPE Address: AVM Resolution Professionals LLP<br>8/28, 3rd Floor, W.E.A., Abdul Aziz Road, Karol Bagh, New Delhi – 110005<br><br>Email id:- cirp.aarti@avmresolution.com |
| 11. | Last date for submission of claims | **1st July, 2021** |
| 12. | Classes of creditors, if any, under clause (b) of sub-section (6A) of section 21, ascertained by the interim resolution professional | No class of Creditor could be determined at this Stage |

RISHABH CHAND LODHA ★ IBBI/IPA-001/IP-P01075/2017-2018/11766 ★ INSOLVENCY PROFESSIONAL

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 13. | Names of Insolvency Professionals identified to act as Authorised Representative of creditors in a class (Three names for each class) | Not applicable |
| 14. | (a) Relevant Forms and<br>(b) Details of authorized representatives are available at: | (a) Web link:-<br>https://ibbi.gov.in/home/downloads<br>or<br>IPE Address: AVM Resolution Professional LLP<br>8/28, 3rd Floor, WEA, Abdul Aziz Road, Karol Bagh, New Delhi- 110005<br><br>(b) Not applicable |

Notice is hereby given that the National Company Law Tribunal, Jaipur Bench, Jaipur has ordered the commencement of a corporate insolvency resolution process of the **Aarti Suitings Pvt. Ltd** on **17th June, 2021.**

The creditors of **Aarti Suitings Pvt. Ltd** are hereby called upon to submit their claims with proof on or before **1st July, 2021** to the interim resolution professional at the address mentioned against entry No. 10.

The financial creditors shall submit their claims with proof by electronic means only. All other creditors may submit the claims with proof in person, by post or by electronic means.

A financial creditor belonging to a class, as listed against the entry No. 12, shall indicate its choice of authorised representative from among the three insolvency professionals listed against entry No.13 to act as authorised representative of the class Home Buyers in Form CA- **NOT APPLICABLE**

**Submission of false or misleading proofs of claim shall attract penalties.**

RISHABH CHAND LODHA IBBI/ IPA-001/ IP-P01075/ 2017-2018 /11766 INSOLVENCY PROFESSIONAL


**Rishabh Chand Lodha**
**Interim Resolution Professional of**
**Aarti Suitings Pvt. Ltd**
**Reg. No. IBBI/IPA-001/IP-P01075/2017-2018/11766**
**Reg. Address: E-5, Shraman Basant Vihar, Gandhi Nagar, Bhilwara, Rajasthan -311001**

**Date: 18/06/2021**
**Place: Bhilwara**

Scanned with CamScanner


हलचल

## विधायक कोष से रसद सामग्री किट उपलब्ध कराएं जायेंगे



**मदनगंज-किशनगढ़,**(निस)। कोरोना कालखंड में रोजगार से वंचित गरीब परिवारों को रसद सामग्री किट उपलब्ध कराया जायेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देशानुसार प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रो में 25-25 लाख रुपये से रसद सामग्री उपलब्ध कराने से जरूरतमंदो को बड़ी राहत मिलेगी। विधायक सुरेश टाक ने बताया कि किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिये विधायक कोष से स्वीकृत 25 लाख रुपये से कलेक्टर द्वारा क्रय किये गए 3600 सामग्री किट प्राप्त हुए हैं। इनमे से दो पंचायतो के अधीन गांवो में रहने वाले जरूरतमंद को 900-900 किट और शहरी क्षेत्र के 60 वार्डो में 1800 किट वितरित किये जायेंगे। शहरी क्षेत्र के सभी 60 वार्डो में संबंधित पार्षद के माध्यम से किट उपलब्ध कराये जाएंगे। विधायक टाक द्वारा प्रशासन को निर्देशित किया गया है कि वार्ड पार्षद द्वारा जरूरतमंद परिवारों की सूची उपलब्ध कराने के बाद पार्षद के माध्यम से ही रसद सामग्री किट जरूरतमंद परिवारों को वितरण किये जायें। इसी कड़ी में विधायक टाक ने वार्ड नं 31 के जरूरतमंद लोगों को रसद किट वितरण कर शुभारंभ किया। आगे संबंधित वार्ड पार्षद द्वारा ही यह सामग्री जरुरतमंदो को उपलब्ध कराई जायेगी। रसद किट में 10 किलो आटा, 1 किलो मसूर की दाल, 1 किलो चने की दाल, 1 किलो नमक, 1 लीटर खाद्य तेल सोयाबीन, मिर्ची पाउडर 200 ग्राम, हल्दी पाउडर 200 ग्राम शामिल है।

## डॉक्टरों ने सुरक्षा की मांग उठाई



**मदनगंज-किशनगढ़,**(नि.सं.)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आव्हान पर स्थानीय आई.एम.ए. शाखा ने 18 जून को होने वाले नेशनल प्रोटेस्ट डे को लेकर समर्थन जारी किया है। अध्यक्ष डॉ. एम के बोहरा, सचिव डॉ. मंजू राठी ने बताया कि चिकित्सकों के साथ आये दिन होने वाली मारपीट व अस्पताल में तोडफोड की घटनाओं पर अंकुश लगाने के साथ आमजन को गुमराह करने वाले बाबा रामदेव के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग को लेकर विधायक सुरेश टाक व उपखंड अधिकारी राजेन्द्र सिंह सिसोदिया को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसी संदर्भ में 18 जून को प्रातः 8 से 10 बजे तक डॉक्टर ओपीडी कार्य का बहिष्कार कर काली पट्टी बांध विरोध प्रदर्शन करेंगे। शिष्टमंडल में डॉ महेश मित्तल, अक्षय बडाया, डॉ. डॉ पंकज जैन, डा. अनिल जैन, डॉ. संजय राठी, डॉ. बी एल शर्मा, डॉ.सर्वेश्वर, डॉ. अक्षय मीणा, डॉ. मोहित, डॉ. गुलाब सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

## उपखंड अधिकारी सिसोदिया का सम्मान



**मदनगंज-किशनगढ़,**(निस)। जवाहर फाउंडेशन की और से कोरोना कालखंड में विशेष सेवा देकर आमजन की हिफाजत करने में अठाणी रहे उपखंड अधिकारी राजेन्द्र सिंह सिसोदिया का अभिनन्दन कर हर्ष व्यक्त किया। साथ ही तहसीलदार मोहन सिंह राजावत व नायब तहसीलदार नरेंद्र बापेडिया, सचिव कफील का भी स्वागत कर हौसला बढ़ाया। संयोजक जगदीश जीनगर ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों ने बड़ी ही सुझबुझ से व्यवस्था को संभालकर अनुकरणीय कार्य किया। कोरोना महामारी में सैकड़ों लोगो को ऑक्सीजन, दवा, इंजेक्शन, बेड आदि समय पर उपलब्ध कराने से जीवन बचाया जा सका।इस मौके पर महासचिव सुनील मारू, कांठोस नेता प्रदीप चौधरी, पार्षद हमीदा बानो, धन्नालाल यादव, सुशील अजमेरा, नोरत साहू, मनसुख शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दुकान खाली के नोटिस पर आक्रोश

**गुलाबपुरा,**(निसं)। आगूंचा में स्थित एशिया की प्रसिद्ध हिन्दुस्तान जिंक प्लांट के सामने चौराहे पर स्थित दर्जनों दुकानदारों को सिंचाई विभाग द्वारा अपनी भूमि जताते हुए तीन दिन में खाली करने के नोटिस से हडकंप मंच गया। सिंचाई विभाग ने उक्त भूमि दुकानों के पीछे स्थित तालाब की बताई गई है। तीन दिन के नोटिस के बाद दुकानदारों में आक्रोश हो गया व गुलाबपुरा उपखंड कार्यलय में एसडीएम विकास मोहन भाटी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वाले में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष केदार मल बैरवा, बराटीया पूर्व सरपंच नारायण गुर्जर, सहित कई दुकानदार मौजूद थे। ज्ञापन में बताया कि जब से जिंक प्लांट शुरू हुआ तब से ही आसपास के गांवों के लोगों ने दुकानें लगा रखी है।

# चिकित्साकर्मियों के साथ हिंसा की घटनाओं का विरोध



एम.जी.एच. के बाहर किए प्रदर्शन के दौरान भीलवाड़ा आई.एम.ए. के सचिव डॉ. महेश गर्ग के साथ बड़ी संख्या में चिकित्सक, चिकित्साकर्मी आदि मौजूद थे।

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। राष्ट्रीय आई.एम.ए. के आव्हान पर भीलवाड़ा के सभी सदस्यों ने चिकित्सकों, चिकित्सा कर्मियों के साथ, अस्पतालों में बढ़ती हुई हिंसा की घटनाओं, मारपीट व तोडफोड के विरुद्ध सरकार व आम जनता का ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से विरोध स्वरूप प्रातः 8:00 बजे से 10:00 बजे तक ओपीडी सेवाओं का बहिष्कार करते हुए तथा दिन में काली पट्टी, काला मास्क या

- **राष्ट्रीय आई.एम.ए. के आव्हान पर दो घंटे ओपीडी सेवाओं का बहिष्कार किया।**

काली शर्ट पहनकर सेवाएं दी।

आईएमए भीलवाड़ा के जिलाध्यक्ष डॉ. दुष्यंत शर्मा ने कहा कि अस्पतालों में चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा के लिए एक सख्त केंद्रीय कानून लाया जाए जिसमें दोषियों को 10 वर्ष की जेल व जुर्माना तथा तोड़फोड के कारण हुई हानि की वसूली का सख्त प्रावधान हो तथा कानून को आईपीसी एवम सीआरपीसी में सम्मिलित कर पुलिस कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

अस्पतालों में सुरक्षा के मापदंड तय कर, पालना सुनिश्चित हो तथा चिकित्साकर्मी भयमुक्त माहौल में मरीजों का इलाज कर सकें। अध्यक्ष डॉ शर्मा ने बताया की हाल ही में बाबा रामदेव द्वारा कोविड-19 के इलाज को लेकर की गई टिप्पणी, तथा इस महामारी में सेवा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले 1000 से ज्यादा चिकित्सकों का मजाक उड़ाने, अपमान करने एवं कोविड-19 के टीकाकरण के बारे में टिप्पणी कर आम जनता को भ्रमित करने के जुर्म में बाबा के खिलाफ एपिडेमिक डिजीज एक्ट के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग सरकार से करती है। एमजीएच के बाहर किए प्रदर्शन के दौरान भीलवाड़ा आई एम ए के सचिव डॉ महेश गर्ग के साथ ही बड़ी संख्या में चिकित्सक, चिकित्साकर्मी आदि मौजूद थे। इस दौरान भीलवाड़ा जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी दिया गया।

# बेरोजगार युवकों से रिश्वत लेने का आरोपी किशनगढ़ में गिरफ्तार

**मदनगंज-किशनगढ़,**(नि.सं.)। गांधीनगर थाना पुलिस ने मेडीकल कॉलेज व अस्पतालों में संविदा पर स्टॉफ की भर्ती करने के नाम पर बेरोजगार युवकों से रिश्वत लेने वाले गिरोह में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर स्कोडा कार से 15 लाख 50 हजार की नगदी बरामद की है।



आरोपी मंजल पटेल

दरअसल रिश्वत कांड में अब तक 3 युवक पुलिस की गिरफ्त में आ चुके है। हुआ यु की अजमेर एसीबी पुलिस अधीक्षक सतनाम सिंह को जरिये मुखबीर इत्तला मिली कि एम जे कंपनी का वर्किंग पार्टनर मंजल पटेल बेरोजगार युवकों से रिश्वत वसूलकर गांधीनगर (गुजरात) के लिये रवाना हुआ है। इत्तला के आधार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बजरंग सिंह, उपाधीक्षक अनूप सिंह की अगुवाई में टीम ने हरमाड़ा चौराया, जैन भोजनालय के सामने मोर्चा संभालकर नाकाबंदी करा दी। इस दौरान स्कोडा कार न. जी जे-18 बी जे 9550 को रुकवाकर तलाशी ली गई तो डिग्गी में कोव कंपनी की प्रिंटेड कपड़े के बैग में 15 लाख की नगदी के साथ लेपटॉप बैग में 50 हजार रुपये मिलने पर पटेल को हिरासत में ले लिया। पूंछताछ के दौरान गुनाहगार अपने आपको बेगुनाह बताकर गुमराह करता रहा, किन्तु कड़ी पूंछताछ

- **स्कोडा कार से 15 लाख 50 हजार की नगदी बरामद, जा रहा था गुजरात**

के बाद इसने अलवर में कम्पनी के सुपरवाइजर भरत पुनिया से नगदी लेना स्वीकार कर लिया।

सरकार ने मेडीकल कॉलेज व अस्पतालो में तकनीकी स्टॉफ को उपलब्ध कराने के लिये एम जे कंपनी राजकोट, गुजरात को अधिकृत कर रखा है। कंपनी के नुमाइंदे बेरोजगार युवकों से डेढ़ से दो लाख रुपये के अलावा अन्य पदों के लिये 60 से 90 हजार रुपये बतौर रिश्वत वसूलने में लग गये। एसीबी पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। टीम में हेंड कॉन्स्टेबल रामचंद्र, युवराज सिंह, शिवसिंह, त्रिलोक सिंह, सुरेश भी शामिल रहे।

## अवैध खनन के लिए बिछाया बारुद

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। जिले के महुपुरा गांव में अज्ञात लोगों ने अवैध खनन के लिए बीती रात बारुद बिछाकर छोड़ दिया। गनिमत रही कि विस्फोट नहीं हुआ, अन्यथा मानव जीवन संकट में पड़ सकता था।

प्रशासनिक अधिकारियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक्सपर्ट को बुलाकर बारुद को नष्ट करवाते हुये अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। बिजौलियां थाना पुलिस ने बताया कि गुरुवार शाम तिलिस्वां के नजदीक स्थित महुपुरा इलाके में अवैध खनन के लिए अज्ञात लोगों ने लाल बत्ती (बारुद) बिछा दिया था।

इसकी सूचना मौके पर पहुंचे मांडलगढ़ एसडीएम व तहसीलदार ने बिजौलियां पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। हैड कांस्टेबल मदन लाल की रिपोर्ट पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मानव जीवन को संकट में डालने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया गया।

# 25 लाख के डोडा-चुरा के साथ गिरफ्तार तस्करों का खुलासा

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। जिले की बनेडा थाना पुलिस की गिरफ्त में आए नागौर के तीन तस्करों ने जांच कर रही सदर थाना पुलिस के सामने रिमांड अवधि के दौरान कबूल किया है कि 25 लाख रुपये के डोडा-चूरा के साथ पकड़े गये यह तीन और फरार तस्कर आपस में पार्टनर है। ये तस्कर मध्यप्रदेश से 1600 रुपये प्रतिकिलो के भाव से डोडा-चूरा खरीद कर नागौर क्षेत्र में

- **1600 में खरीद कर 2200 में बेचते थे डोडा-चुरा**

2200 रुपये के हिसाब से बैच रहे थे। इतना ही नहीं पकड़े गये तस्कर खुद भी नशे के आदि है।



पिकअप के साथ ही एस्कॉर्ट कर रही एक कैंपर को भी जब्त कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया।

सीओ सदर रामचंद्र चौधरी ने बताया कि मंगलवार को बनेडा पुलिस ने कमालपुरा के निकट एक पिकअप से 25 लाख रुपये कीमत का डोडा-चूरा बरामद किया था। पिकअप के साथ ही एस्कॉर्ट कर रही एक कैंपर को भी जब्त कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया, जबकि एक मौके से भागने में सफल रहा था। आरोपितों से एक पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस भी बरामद किये गए थे। पकड़े गये तस्कर नागौर के मेडता रोड थाने के जारोड़ा खुर्द निवासी सहदेवराम विश्नोई, कुचेरा थाने के ढाबा निवासी बाबूलाल जाट तथा डेगाना के राजोद निवासी रामनिवास विश्नोई आठ दिन के रिमाण्ड पर चल रहे है। रिमांड के दौरान सदर थाना पुलिस की पूछताछ में इन तस्करों ने कबूल किया कि उन्होंने यह डोडा-चूरा मध्यप्रदेश के जावद इलाके से 1600 रुपये प्रति किलो के भाव से खरीदा था। यह डोडा-चूरा ये लोग नागौर ले जाकर वहां इसका नशा करने वाले लोगों को 2200 रुपये प्रतिकिलो के भाव से बैचते है। आरोपितों ने यह भी कबूल किया कि पकड़े गये तीनों व फरार आरोपित आपस में पार्टनर है। वे, चारों खुद भी डोडा-चूरा का नशा करते हैं। उधर, तस्करों के खुलासे के बाद सप्लायर की तलाश में गई सदर थाना पुलिस ने जावद क्षेत्र में संभावित स्थानों पर दबिश दी, लेकिन सप्लायर अभी हाथ नहीं लग पाया। ऐसे में पुलिस इन तस्करों से मौका तस्दीक कराने के बाद लौट आई। पुलिस का कहना है कि इन तस्करों से बरामद पिस्टल के बारे में भी पूछताछ की, लेकिन तस्कर यह पिस्टल खुद की बता रहे है। ये, तस्कर इस बात का खुलासा नहीं कर रहे कि उन्होंने पिस्टल कब, कहां और किससे खरीदी। फिल्हाल इन तस्करों से पूछताछ के साथ-साथ पुलिस सप्लायर और फरार तस्कर की तलाश में जुटी है।

# छावनी परिषद की वेरीड बोर्ड की बैठक आयोजित

**नसीराबाद,** (निसं)। भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अधीन स्थानीय निकाय के रूप में कार्यरत छावनी परिषद की वेरीड बोर्ड की विशेष बैठक शुक्रवार को बोर्ड अध्यक्ष ब्रिगेडियर समीर कोशल की अध्यक्षता में परिषद सभागार में आहूत की गयी।

जिसमें मुख्य रूप से बजट अप्रुव्ड किया गया साथ ही लाल डिग्गी तालाब के शेष हिस्से के सौन्दर्यीकरण, श्री नगर रोड स्थित फूल सागर तालाब पर निर्मित पाथ- वे के आस-पास 25 नयी स्ट्रीट लाइटों हेतु नए खम्बे लगवाए जाने के साथ ही लाल डिग्गी तालाब की पाल, चौपाटी, अटल खेल परिसर, रोटरी व्यू प्वाइंट से लेकर सरदार वल्लभ भाई पटेल उद्यान के रास्ते पर कुल 15 स्थानों पर सीसी. केमरे लगाए जाने हेतु सहमति बनी।



छावनी परिषद की वेरीड बोर्ड की विशेष बैठक में विचार विमर्श करते बोर्ड अध्यक्ष एवं सचिव।

छावनी अधिशासी अधिकारी अरविन्द नेमा ने बताया शुक्रवार दोपहर 12 बजे छावनी सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य रूप से वर्ष 21-22 के रिवाइज्ड बजट और वर्ष 22-23 के ओरिजनल बजट को सहमति दी गई। वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि स्थानीय सिटी थाने से लेकर लाल डिग्गी चैराहे तक सड़क के बायीं तरफ फुटपाथ बनाया जायेगा, वहीं सफाई अधीक्षक आशीष शर्मा सहित अन्य कुछ कर्मचारियों का कार्यकाल भी अगले 11 माह के लिए आगे बढाए जाने, नागरिक क्षेत्र में 4 सिक्योरिटी हाई मास्ट लाइटें (16 मीटर की) एलईडी सहित लगाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही, बैठक में रोटरी सर्किल स्थित लाल डिग्गी तालाब की शेष बची एक मात्र पाल के जीर्णोद्धार हेतु 75 लाख का फंड ,नगर में अगल-अलग क्षेत्रों में 18 सडकों के निर्माण के लिए 1 करोड 20 लाख का प्रस्ताव पास किया गया।


**कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डलः अजमेर**

क्रमांकः 409 दिनांकः 17/6/21

**जाहिर आम सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल नाका मदार अजमेर योजना में श्रीमती सुनीता मोटवानी पत्नि श्री मंगलदास को आवास संख्या 2/46-F EWSआवंटित कर दिनांक 20/07/1991 को मकान का भौतिक कब्जा सौपा गया था। श्रीमती सुनीता मोटवानी की मृत्यु दिनांक 01/01/1992 एवम् श्री मंगल दास की मृत्यु दिनांक 17/02/2018 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री परशोत्तम द्वारा अपने नाम मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अब श्री परशोत्तम पुत्र स्व. श्री मंगल दास ने उक्त आवासीय भूखण्ड से संबंधित मृत्यु हस्तान्तरण प्रपत्र प्रस्तुत कर स्वंय के नाम हस्तांतरण करने हेतु प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया है। श्री परशोत्तम पुत्र स्व. श्री मंगल दास का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन हैं। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एंव पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

**आवासीय अभियंता राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड अजमेर**

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

**आम सूचना**

श्रीमती देवकी पत्नि श्री भगवानदास ने आवास संख्या 388 जे.पी.नगर ई.डब्लयु.एस.की लीज डीड हेतु आवेदन किया है। मूल आंवटी श्री अब्दुल कलाम परिजादें पुत्र श्री अब्दुल सलाम ने उक्त आवास जरिये अपंजीकृत इकरारनामा दिनांक 20/09/1985 से श्रीमती देवकी पत्नि श्री भगवानदास शर्मा के नाम विक्रय कर दिया। अतः क्रेता ने उक्त आवास को तृतीय क्रेता से खरीदशुदा एंव वर्तमान में स्वय को उक्त आवास का अतिंम क्रेता बताया है। अतः पश्चातवर्ती क्रेता को हस्तान्तरण पर अंतिम क्रेता के नाम सीधे ही पंजीयन के सम्बन्ध में वित विभाग की अधिसूचना दिनांक 24/02/2021 के क्रम में एंवम राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प. 3(1201) नविवि /3/2021 दिनांक 24/03/2021 की अनुपालना में उक्त आवास संख्या 388 जे.पी.नगर ई.डब्लयु.एस. श्रीमती देवकी पत्नि श्री भगवानदास के नाम लीज डीड जारी किये जाने से किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय दस्तावेजों के शपथ पत्र सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता को आपति प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्ति के पश्चात कोई भी उजर दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा एंव उक्त आवास संख्या 388 जे.पी.नगर ई.डब्लयु.एस.की श्रीमती देवकी पत्नि श्री भगवानदास के नाम परिवर्तन कर लीज डीड जारी कर दी जावेगी।

**उपायुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

**आम सूचना**

श्रीमती विजय लक्ष्मी पत्नि श्री सुमित कुमार छाबडा आवास संख्या 27 आनासागर सरक्यूलर रोड़, एल.आई.जी की लीज डीड हेतु आवेदन किया है। मूल आंवटी सुश्री वीना वर्मा पुत्री स्वर्गीय श्री भगवानदास वर्मा ने उक्त आवास जरिये अपंजीकृत इकरारनाम दिनांक 29/04/1995 से श्रीमती सुनीता पत्नि श्री नन्दलाल बदलानी को विक्रय कर दिया श्रीमती सुनीता पत्नि श्री नन्दलाल बदलानी ने उक्त आवास जरिये अपंजीकृत इकरारनामा दिनांक 13/10/1995 से श्रीमती विजय लक्ष्मी पत्नि श्री सुमित कुमार छाबडा के नाम विक्रय कर दिया। अतः क्रेता ने उक्त आवास को प्रथम क्रेता से खरीदशुदा एंव वर्तमान में स्वय को उक्त आवास का अतिंम क्रेता बताया है अतः पश्चातवर्ती क्रेता को हस्तान्तरण पर अंतिम क्रेता के नाम सीधे ही पंजीयन के सम्बन्ध में वित विभाग की अधिसूचना दिनांक 24/02/2021 के क्रम में एंवम राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प.3(1201) नविवि /3/2021 दिनांक 24/03/2021 की अनुपालना में उक्त आवास संख्या 27 आनासागर सरक्यूलर रोड़, एल.आई.जी श्रीमती विजय लक्ष्मी पत्नि श्री सुमित कुमार छाबडा के नाम लीज डीड जारी किये जाने से किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय दस्तावेजों के शपथ पत्र सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता को आपति प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्ति के पश्चात कोई भी उजर दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा एंव उक्त आवास संख्या 27 आनासागर सरक्यूलर रोड़, एल.आई.जी की श्रीमती विजय लक्ष्मी पत्नि श्री सुमित कुमार छाबडा के नाम परिवर्तन कर लीज डीड जारी कर दी जावेगी।

**उपायुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

**कार्यालय तहसीलदार ( भू.अ. ) अजमेर**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण श्री अजीजुर्रहमान , हिफजुर्रहमान पि. फजलूर्रहमान फारूकी निवासी मौहल्ला हुसैन गंज, वार्ड संख्या 13, सीकर द्वारा हिबा-नामा (उपहार पत्र) के आधार पर नामान्तरण दर्ज करने हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के संबंध में है। प्रार्थीगणों ने अपनी माता मु. गफूरन पत्नि फजलूर्रहमान फारूकी द्वारा उनके पक्ष में ग्राम दौराई के ख.नं. 258 रकबा 0.2024 है. की अपने 1/3 हिस्से की भूमि जरिये हिबा-नामा (उपहार-पत्र) दिनांक 29.09.2016 के आधार पर नामान्तरकरण दर्ज करने हेतु निवेदन किया है।

यदि प्रार्थी के प्रार्थना पत्र अनुसार उक्त हिबानामा के अनुसार नामान्तरकरण किये जाने के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो विवरण सहित इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पर कोई आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी तथा विधि सम्मत आदेश पारित कर दिया जायेगा। सूचित रहे।

**तहसीलदार अजमेर**

**कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा ( भीलवाड़ा )**

क्रमांकःतामीरात/410 दिनांकः 18.06.21

**उजरदारी नोटिस**

श्री तुलसी राम टेलर पिता श्री टीकमचन्द टेलर निवासी गुलाबपुरा वार्ड नम्बर सदर बाजार दुकान क्र.सं. 02, 10X27=270 वर्गफीट (व्यवसायिक) द्वारा पालिका कार्यालय में भवन निर्माण स्वीकृति हेतु/भूखण्ड हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः इस सूचना पत्र के माध्यम से सार्वजनिक सूचना प्रसारित की जाती है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त भवन निर्माण स्वीकृति/भू-खण्ड हस्तान्तरण के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो लिखित रूप में मय दस्तावेजी प्रमाणों को संलग्न करते हुए 07 दिन की अवधि में प्रस्तुत कर दें। उक्त अवधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

पत्रावली एवं दस्तावेजों का निरीक्षण कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के समय देखा जा सकता है।

पड़ौस विवरण :-

**पूर्व** :- आम रास्ता सदर बाजार **पश्चिम**:- लक्ष्मी मार्केट की दुकानांत

**उत्तर** :- बसन्तीलाल जी शाह की दुकान **दक्षिण**:- श्रीश्रीमाल जी की जायदाद

**अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, गुलाबपुरा**

**कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा ( भीलवाड़ा )**

क्रमांकःतामीरात/413 दिनांकः 18.06.21

**उजरदारी नोटिस**

श्रीमती कैलाश देवी पति श्री ताराचंद मेवाड़ा निवासी गुलाबपुरा वार्ड नम्बर कुबेर कॉलोनी भूखण्ड संख्या-153 (25X49) फीट द्वारा पालिका कार्यालय में भवन निर्माण स्वीकृति हेतु/भूखण्ड हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः इस सूचना पत्र के माध्यम से सार्वजनिक सूचना प्रसारित की जाती है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त भवन निर्माण स्वीकृति/भू-खण्ड हस्तान्तरण के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो लिखित रूप में मय दस्तावेजी प्रमाणों को संलग्न करते हुए 07 दिन की अवधि में प्रस्तुत कर दें। उक्त अवधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

पत्रावली एवं दस्तावेजों का निरीक्षण कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के समय देखा जा सकता है।

पड़ौस विवरण :-

**पूर्व** :- सड़क 30 फीट **पश्चिम**:- दीगर आराजी

**उत्तर** :- प्लाट सं. 154 **दक्षिण**:- प्लाट सं. 152

**अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, गुलाबपुरा**

क्षेत्रीय कार्यालय

**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल**

**एसपीएल-2 , पंचम चरण, रिको औद्योगिक क्षेत्र, किशनगढ ( अजमेर )**

राप्रनिम/क्षैका किश/राज/पीयूबी-101/ दिनांक :

**पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना**

1. सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कानाराम खटीक, एम.एल. संख्या 107/2018, खसरा संख्या 525, 526, 527, 529, 530, 531 एवं 532 क्षेत्रफल 1.038 हेक्टेयर, ग्राम एकलसिंगा द्वारा एकलसिंगा ग्रेनाईट एवं मैसनरी स्टोन कलस्टर खनन परियोजना श्री कानाराम खटीक एम.एल. संख्या 107/2018 उत्पादन क्षमता ग्रेनाईट-85750 टीपीए (आर.ओ.एम.) मैसर्स गणपति माईन्स एण्ड मिनरल्स, एम.एल. संख्या 237ए/2009, उत्पादन क्षमता 200273 टीपीए (आर.ओ.एम.) श्री दीपक गुर्जर एम.एल. संख्या 17/2018 उत्पादन क्षमता 120000 टीपीए (आर.ओ.एम.) श्री दीपक तहलानी एम.एल. संख्या 15/2018 उत्पादन क्षमता-120000 टीपीए (आर.ओ.एम.) मैसर्स मरूधर ग्रेनाईट एम.एल. संख्या 26/2018 उत्पादन क्षमता-120000 टीपीए (आर.ओ.एम.) श्रीमती नेहा चौधरी एम.एल. संख्या 16/2018 उत्पादन क्षमता 110375 टीपीए (आर.ओ.एम.), श्री रामावतार एम.एल. संख्या 29/2018 उत्पादन क्षमता-120000 टी.पी.ए. (आर.ओ.एम.) श्री राकेश कुमार लोधा एम.एल. संख्या 14/2018, उत्पादन क्षमता 130850 टीपीए (आर.ओ.एम.) श्री रामस्वरूप जाट एम.एल. संख्या 194 ए / 2009 उत्पादन क्षमता 89158 टीपीए (आर.ओ.एम.) कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 96731, कुल कलस्टर उत्पादन क्षमता-1096406 टीपीए (आर.ओ.एम.) ग्राम एकलसिंगा, तहसील केकड़ी जिला अजमेर से संबंधित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवयश्क समूह खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल यहां तथा बाद में मण्डल के नाम अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।
2. और चूंकि श्री कानाराम खटीक ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना – की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन एव पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस. ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 ओर एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के अनुसार समूह लोक सुनवाई हेतु आवश्यक है।
3. उक्त समूह खनन परियोजना से सम्बन्धित समूह EIA/EMP/Report एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध है

1. जिला कलक्टर, अजमेर। 2. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर । 3 सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति, राजस्थान 4, झालाना संस्थानिक क्षेत्र. झालाना डूंगरी, जयपुर। 4. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ, जिला-अजमेर। 5. तहसील केकडी, जिला-अजमेर। 6. राजीव गांधी सेवा केन्द्र, लसाडिया, तहसील केकडी, जिला अजमेर।

अत: सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अजमेर के पत्र क्रमांक कअ/ विकास /2021/7433 दिनांक 25.05.2021 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित या जाता है कि उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु दिनांक 10/07/2021 को प्रातः 9.30 बजे, स्थान - राजीव गांधी सेवा केन्द्र लसाडिया तहसील केकड़ी जिला-अजमेर में उपास्थत होकर अपने लिखत/मौखिक आक्षेप/ सझाव प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में लिखित आक्षप/सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ, जिला अजमेर को भी दिये जा सकते है।

**( दीपक तंवर ), पर्यावरण अभियंता एवं क्षेत्रीय अधिकारी**

**प्रपत्र ए**

**सार्वजनिक घोषणा**

[भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन]

**अडिग जैमटैक्स प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ**

संबंधित विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **कार्पोरेट देनदार का नाम** | **अडिग जैमटैक्स प्राइवेट लिमिटेड** |
| 2. | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 23 दिसम्बर 2010 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित / पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज-जयपुर (राजस्थान) |
| 4. | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या / सीमित दायित्व पहचान संख्या | U17119RJ2010PTC033650 |
| 5. | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | **पंजीकृत कार्यालय** : ई-372, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, हमीरगढ़ ग्रोथ सेंटर, भीलवाड़ा, राजस्थान- 311001 |
| 6. | कार्पोरेट देनदार के संबंध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन तिथि | 17 जून 2021 (एनसीएलटी आदेश सं - सीपी नं. (आईबी) -01 / 9 / जेपीआर / 2021) |
| 7. | ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की पूर्वानुमानित तिथि | 14 दिसम्बर 2021 |
| 8. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर | **ऋषभ चंद लोढ़ा**<br>**पंजी. सं.**: IBBI/IPA-001/IP-P01075/2017-2018/11766 |
| 9. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का पता और ई-मेल, जैसा कि बोर्ड में पंजीबद्ध है | ई-5, श्रमण, बसंत विहार, गांधी नगर, भीलवाड़ा, राजस्थान -311001<br>**ईमेल**: rishabhlodha57@gmail.com |
| 10. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का, पत्राचार हेतु प्रयुक्त, पता और ई-मेल | **ऋषभ चंद लोढ़ा**<br>**पता**: ई-5, श्रमण, बसंत विहार, गांधी नगर, भीलवाड़ा, राजस्थान -311001<br>**ईमेल**: cirp.adig@avmresolution.com |
| 11. | दावा प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 01 जुलाई 2021 |
| 12. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल द्वारा धारा 21 की 4 उप-धारा (6क) के क्लॉज (ख) के तहत अभिनिश्चित लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई | इस स्तर पर लेनदार का कोई वर्ग निर्धारित नहीं किया जा सका |
| 13. | किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिह्नित ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम) | लागू नही |
| 14. | (क) संबंधित प्रपत्र और<br>(ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण पर उपलब्ध है: | (क) वेबलिंक: https://ibbi.gov.in/home/downloads या **आईपीई का पता**: एवीएम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल एलएलपी, 8 / 28, तीसरी मंजिल, डब्ल्यू.ई.ए., अब्दुल अजीज रोड, करोल बाग, नई दिल्ली - 110005<br>(ख) लागू नही |

एतद्वारा सूचना दी जाती है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, जयपुर पीठ, जयपुर ने **दिनांक 17 जून 2021,** को **अडिग जैमटैक्स प्राइवेट लिमिटेड** के विरुद्ध कार्पोरेट ऋण शोध अक्षमता प्रक्रिया आरंभ करने का आदेश दिया है। **अडिग जैमटैक्स प्राइवेट लिमिटेड** के लेनदारों से एतद्द्वारा अपने दावों का प्रमाण **1 जुलाई 2021** को अथवा इसके पूर्व में अंतरिम समाधान प्रोफेशनल को ऊपर आइटम 10 के समक्ष वर्णित पते पर प्रस्तुत करने की मांग की जाती है। वित्तीय लेनदारों को अपने दावों का प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी लेनदार अपने दावों का प्रमाण व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों प्रस्तुत कर सकते हैं। किसी श्रेणी के साथ सम्बन्धित वित्तीय लेनदार जैसा कि प्रविष्टि सं. 12 के समक्ष सूचीबद्ध है, अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि सं. 13 के समक्ष सूचीबद्ध तीन ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल्स में से अपनी पसंद का अधिकृत प्रतिनिधि को प्रपत्र सीए में निदर्शित करेगा - (लागू नही)

**दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दंडनीय होगी।**

हस्ता /-
**ऋषभ चंद लोढ़ा**

**दिनांक** : 18.06.2021 अंतरिम समाधान प्रोफेशनल, अडिग जैमटैक्स प्राइवेट लिमिटेड
**स्थान** : भीलवाड़ा **पंजीकरण सं.**: IBBI/IPA-001/IP-P01075/2017-2018/11766

**प्रपत्र ए**

**सार्वजनिक घोषणा**

[भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन]

**आरती सूटिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ**

संबंधित विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **कार्पोरेट देनदार का नाम** | **आरती सूटिंग्स प्राइवेट लिमिटेड** |
| 2. | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 01 फरवरी 1994 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित / पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज-जयपुर (राजस्थान) |
| 4. | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या / सीमित दायित्व पहचान संख्या | U18108RJ1994PTC007997 |
| 5. | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | **पंजीकृत कार्यालय** : ई-187, रीको III फेज, भीलवाड़ा राजस्थान -311001 |
| 6. | कार्पोरेट देनदार के संबंध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन तिथि | 17 जून 2021 (एनसीएलटी आदेश सं - सीपी नं. (आईबी) -02 / 9 / जेपीआर / 2021) |
| 7. | ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की पूर्वानुमानित तिथि | 14 दिसम्बर 2021 |
| 8. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर | **ऋषभ चंद लोढ़ा**<br>**पंजी. सं.**: IBBI/IPA-001/IP-P01075/2017-2018/11766 |
| 9. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का पता और ई-मेल, जैसा कि बोर्ड में पंजीबद्ध है | ई-5, श्रमण, बसंत विहार, गांधी नगर, भीलवाड़ा, राजस्थान -311001<br>**ईमेल**: rishabhlodha57@gmail.com |
| 10. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का, पत्राचार हेतु प्रयुक्त, पता और ई-मेल | **ऋषभ चंद लोढ़ा**<br>**पता**: ई-5, श्रमण, बसंत विहार,गांधी नगर, भीलवाड़ा, राजस्थान -311001<br>**ईमेल**: cirp.aarti@avmresolution.com |
| 11. | दावा प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 01 जुलाई 2021 |
| 12. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल द्वारा धारा 21 की 4 उप-धारा (6क) के क्लॉज (ख) के तहत अभिनिश्चित लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई | इस स्तर पर लेनदार का कोई वर्ग निर्धारित नहीं किया जा सका |
| 13. | किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिह्नित ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम) | लागू नही |
| 14. | (क) संबंधित प्रपत्र और<br>(ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण पर उपलब्ध है: | (क) वेबलिंक: https://ibbi.gov.in/home/downloads या **आईपीई का पता**: एवीएम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल एलएलपी, 8 / 28, तीसरी मंजिल, डब्ल्यू.ई.ए., अब्दुल अजीज रोड, करोल बाग, नई दिल्ली - 110005<br>(ख) लागू नही |

एतद्वारा सूचना दी जाती है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, जयपुर पीठ, जयपुर ने **दिनांक 17 जून 2021,** को **आरती सूटिंग्स प्राइवेट लिमिटेड** के विरुद्ध कार्पोरेट ऋण शोध अक्षमता प्रक्रिया आरंभ करने का आदेश दिया है। **आरती सूटिंग्स प्राइवेट लिमिटेड** के लेनदारों से एतद्द्वारा अपने दावों का प्रमाण **1 जुलाई 2021** को अथवा इसके पूर्व में अंतरिम समाधान प्रोफेशनल को ऊपर आइटम 10 के समक्ष वर्णित पते पर प्रस्तुत करने की मांग की जाती है। वित्तीय लेनदारों को अपने दावों का प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी लेनदार अपने दावों का प्रमाण व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों प्रस्तुत कर सकते हैं। किसी श्रेणी के साथ सम्बन्धित वित्तीय लेनदार जैसा कि प्रविष्टि सं. 12 के समक्ष सूचीबद्ध है, अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि सं. 13 के समक्ष सूचीबद्ध तीन ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल्स में से अपनी पसंद का अधिकृत प्रतिनिधि को प्रपत्र सीए में निदर्शित करेगा - (लागू नही)

**दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दंडनीय होगी।**

हस्ता /-
**ऋषभ चंद लोढ़ा**

**दिनांक** : 18.06.2021 अंतरिम समाधान प्रोफेशनल, आरती सूटिंग्स प्राइवेट लिमिटेड
**स्थान** : भीलवाड़ा **पंजीकरण सं.**: IBBI/IPA-001/IP-P01075/2017-2018/11766

